# बर्कहार्ट कंप्रेशन (BURCKHARDT COMPRESSION) की स्पीक अप नीति

## 01 जुलाई 2022 से परभावी

VBCA400042, REV. 0 | MARKO DENADIC | July 1, 2022

प्रिय कर्मचारियों

हमारी आचार संहिता में शामिल मानक और सिद्धांत यह नियंत्रित करते हैं कि हम कर्मचारियों के रूप में अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में एक दूसरे के साथ, अपने हितधारकों, अपने भागीदारों और अपने पर्यावरण के साथ कैसे संवाद करते हैं। अपने मूल्यों और व्यवहारों के साथ, बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) की आचार संहिता हमारे आचरण और बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) की अखंडता के लिए आधार और दिशानिर्देश हैं।

मैं हर एक कर्मचारी को सम्मान, खुलेपन और आपसी विश्वास की संस्कृति में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ हमारी एक खुले संप्रेषण की संस्कृति है। यदि आप हमारी आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली किसी संदिग्ध धोखाधड़ी या अनैतिक आचरण के बारे में रिपोर्ट करना चाह, तो आप मौजूदा मानक शिकायत चैनलों (लाइन प्रबंधन, स्थानीय मानव संसाधन विभाग, कानूनी विभाग) के माध्यम से पहले की तरह या, अंतिम उपाय के रूप में, बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) स्पीक अप रिपोर्टिंग चैनल के माध्यम से इस कदाचार की रिपोर्ट कर सकते हैं, जहां रिपोर्टिंग भी गुमनाम तरीके से की जा सकती है।

मुझे पूरा विश्वास है कि हर बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) कर्मचारी जिम्मेदारी पूर्ण तरीके से काम करके हमारी कंपनी की सतत सफलता में योगदान देता है। आपकी सपोर्ट के लिए धन्यवाद फैब्रिक बिलार्ड, मुख्य कार्यकारी अधिकारी

## 1. दायरा और उद्देश्य

1.1 यह बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) स्पीक अप नीति बताती है कि धोखाधड़ी और कदाचार की पुष्ट या संदिग्ध घटनाओं की रिपोर्ट कैसे हैंडल की जाती हैं।

1.2 बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) स्पीक अप नीति बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) के सभी कर्मचारियों, व्यावसायिक भागीदारों और स्पीक अप रिपोर्टिंग चैनल का उपयोग करने वाले तीसरे पक्षों पर लागू होती है।

## 2 कदाचार/धोखाधड़ी का संदेह

2.1 बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) के सभी कर्मचारियों, व्यावसायिक भागीदारों और तीसरे पक्षों जिन्हें बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) के किसी कर्मचारी या व्यावसायिक भागीदारों द्वारा किए गए संदिग्ध कदाचार के बारे में पता चलता है, उसे कानून के उल्लंघन और किसी धोखाधड़ी या बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) आचार संहिता के उल्लंघन में अनैतिक आचरण के बारे में रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

2.2 संभव सीमा तक, सभी कर्मचारियों को ऐसे संदेहों के बारे में मुख्य रूप से सामान्य रिपोर्टिंग व्यवस्था के माध्यम से रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो मुख्य रूप से लाइन प्रबंधन, स्थानीय मानव संसाधन विभाग और कानूनी और अनुपालन विभाग हैं।

2.3 यदि सामान्य रिपोर्टिंग व्यवस्था आपका एक विकल्प नहीं हैं (जैसे कि शामिल लाइन प्रबंधन का हितों का टकराव), कर्मचारियों को स्पीक अप चैनल का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

2.4 सामान्य रिपोर्टिंग व्यवस्था, जैसा कि ऊपर बताया गया है, बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) के व्यावसायिक भागीदारों और तीसरे पक्षों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। व्यावसायिक भागीदार और तीसरे पक्ष केवल स्पीक अप चैनल का उपयोग कर सकते हैं।

2.5 स्पीक अप चैनल नीदरलैंड में स्थित, एक स्वतंत्र तीसरे पक्ष द्वारा होस्ट किया गया है।

2.6 बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) सभी पक्षों को स्पीक अप चैनल के माध्यम से किसी मामले की रिपोर्टिंग करते समय स्वयं ज्ञात करने के लिए प्रोत्साहित करता है। रिपोर्ट गुमनाम तरीके से भी स्पीक अप चैनल के माध्यम से, या सीधे मुख्य अनुपालन अधिकारी को की जा सकती है। गुमनामी, प्रकरण की पूरी तरह से जांच करने वाली कंपनी की क्षमता में बाधा डाल सकती है।

2.7 अस्पष्ट और गलत रिपोर्टिंग को न्यूनतम करने के लिए, बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression ने कर्मचारियों या व्यावसायिक भागीदारों या तीसरे पक्षों द्वारा की गई केवल उन्हीं अनाम रिपोर्टों की जांच करने का निर्णय लिया है, जिन्हें स्पीक अप चैनल के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। स्पीक अप रिपोर्टिंग चैनल के अलावा अन्य चैनलों के माध्यम से कर्मचारियों या व्यावसायिक भागीदारों या तीसरे पक्षों से प्राप्त अनाम रिपोर्ट पर आगे की कार्यवाही नहीं की जाएगी।

## 3 बदनीयती से रिपोर्टिंग

3.1 बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) बदनीयती से रिपोर्टिंग के अमल को बहुत गंभीरता से लेता है। यह कार्य हमारी आचार संहिता का एक गंभीर उल्लंघन है और बदनीयती से रिपोर्ट करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बदनीयती से रिपोर्ट करने वाले व्यावसायिक भागीदारों और तीसरे पक्षों को कानूनी और अन्य परिणामों का सामना करना पड़ सकता है।

## 4 जिम्मेदारियां सौंपना

4.1 स्पीक अप चैनल के माध्यम से प्राप्त होने वाली सभी रिपोर्टों को निम्नलिखित कार्य प्रवाह रेखा चित्र के अनुसार संसाधित किया जाएगा:




4.2 मुख्य अनुपालन अधिकारी, कथित कदाचार या धोखाधड़ी की रिपोर्ट प्राप्त होने पर, प्राप्त सूचना की जांच और मूल्यांकन करेगे और उपयुक्त अगले कदमों का निर्धारण करेगे और साथ ही प्रकरण प्रबंधक (रोजगार के मामलों के लिए CHRO, आईटी मामलों के लिए CDIO, स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण मामलों के लिए QESH के प्रमुख और धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत के मामलों के लिए कानूनी काउंसल) को भी निर्दिष्ट करेगे।

4.3 यदि रिपोर्ट किए गए किसी प्रकरण में एक समूह के रूप में बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) की वित्तीय स्थिति और / या प्रतिष्ठा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है, तो इसे मुख्य अनुपालन अधिकारी द्वारा सीधे कार्यकारी प्रबंधन को और यदि आवश्यक हो, तो बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) के निदेशक मंडल को रिपोर्ट किया जाएगा।

4.4 प्रकरण प्रबंधक उन प्रकरणों की जांच, रिपोर्टिंग और बंद करने के लिए जिम्मेदार है जो उनको सौंपे गए हैं। प्रकरण प्रबंधक आरोपों की पुष्टि करने के लिए निम्नलिखित जाँचसूची की मदद ले सकते हैं:

- अवलोकन: क्या रिपोर्ट किया गया है?
- स्रोत: रिपोर्ट कहाँ से आयी थी?
- स्थान: घटना कहाँ घटित हुई थी?
- समय: कथित उल्लंघन कब हुआ था?
- आरोप: आपराधिक कृत्य का प्रकार या आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन?
- आवृत्ति: क्या यह एक अकेला प्रकरण है या बार-बार दोहराया गया है?
- कथित उल्लंघन को बेहतर ढंग से समझने के लिए किस अतिरिक्त डेटा की आवश्यकता है?
- मुद्दे या आरोपों की व्यापक समझ हासिल करने के लिए किन व्यक्तियों या संगठनों से संपर्क करने की आवश्यकता है?

प्रकरण प्रबंधक का उद्देश्य प्रत्येक रिपोर्ट में विश्वसनीयता और आरोपों की गंभीरता का व्यवस्थित रूप से आकलन करना है। यदि आवश्यक हो तो प्रकरण प्रबंधक को यह निर्धारित करने के लिए अधिक डेटा और साक्ष्य एकत्र करने होंगे कि आरोपों की पुष्टि की जा सकती है या नहीं। प्रकरण प्रबंधक इसमें शामिल व्यक्तियों के साथ साक्षात्कार कर सकता है तथा प्रकरण प्रबंधक द्वारा बाहरी सपोर्ट के लिए भी अनुरोध किया जा सकता है। जब तक अधिक समय की आवश्यकता नहीं है, प्रकरण प्रबंधक का लक्ष्य 60 दिनों के भीतर प्रकरण को बंद करने का होता है।

4.5 मुख्य अनुपालन अधिकारी को और/या प्रकरण प्रबंधकों को हितों के टकराव की स्थिति में प्रकरण से अलग रहने की जरूरत है। तब ऐसे प्रकरणों को एक उप अनुपालन अधिकारी द्वारा हैंडल किया जाएगा।

4.6 बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) सभी स्तरों के प्रबंधन से किसी भी कदाचार से संबंधित सभी मामलों को गंभीरता से, गोपनीयता और शीघ्रता से हैंडल करने की उम्मीद करता है। प्रबंधन कदाचार की जांच के लिए नियुक्त प्रकरण प्रबंधकों के साथ पूरी तरह से सहयोग करने और सहायता करने के लिए बाध्य है।

## 5 रिपोर्ट जो जाँच के तहत नहीं है

5.1 मुख्य अनुपालन अधिकारी और प्रकरण प्रबंधकों को प्रकरण बंद करने का अधिकार है।. यह निम्नलिखित (गैर-संपूर्ण) परिस्थितियों में हो सकता है:

(1) मामले की जांच कर उसे सुलझा लिया गया है।. कार्यवाहियां (यदि कोई हो) परिभाषित कर दी गई हैं।

(2) समुचित जांच के लिए जानकारी अपर्याप्त है और आगे जानकारी प्राप्त होने की कोई संभावना नहीं है।

(3) सूचनादाता / शिकायतकर्ता द्वारा प्रकरण वापस ले लिया गया है।

## 6 रिपोर्टिंग

6.1 प्रकरण प्रबंधक सभी खुले और बंद प्रकरणों के बारे में मुख्य अनुपालन अधिकारी को एक मासिक रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। इस रिपोर्ट में उन मामलों की जानकारी भी शामिल होगी जिनमें जांच का आश्वासन नहीं दिया था या जो पिछले महीने के दौरान बंद हुए थे। मुख्य अनुपालन अधिकारी अर्ध वार्षिक आधार पर कार्यकारी प्रबंधन को और वार्षिक आधार पर बर्कहार्ट कंप्रेशन होल्डिंग (Burckhardt Compression Holding) के निदेशक मंडल को प्रकरणों की रिपोर्ट करेंगे।

## 7 सूचनादाता/शिकायतकर्ता की सुरक्षा और अधिकार

7.1 सभी सूचनादाताओं/ शिकायतकर्ताओं की पहचान की सुरक्षा की जाएगी। बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) में सूचना-दाताओं/शिकायतकर्ताओं के खिलाफ गैर-प्रतिशोध की एक सख्त नीति है। स्पीक अप चैनल को होस्ट करने वाला तीसरा पक्ष नीचे दिए गए अपवादों को छोड़कर, कभी भी वॉयस-फाइलें, आईपी पते या फोन नंबर प्रकट नहीं करेगा।

7.2 आचार संहिता के तहत गैर-प्रतिशोध के अधिकार की गारंटी दी गयी है और इस अधिकार का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एक सूचनादाता/शिकायतकर्ता बनना, हालांकि, स्वचालित रूप से कदाचार के आरोप से प्रतिरक्षा नहीं प्रदान कर देता है।

7.3 यह सुरक्षा उन सूचनादाताओं/शिकायतकर्ताओं पर लागू होती है जो इस नीति का पालन करते हैं।

7.4 यहां तक कि जब प्रक्रिया का सही ढंग से पालन किया गया है, तब भी कुछ अपवाद हैं जब एक सूचनादाता/शिकायतकर्ता की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती है। इन मामलों में, अधिकारियों को शामिल किया जा सकता है। वॉयस-फाइलें, आईपी पते या फोन नंबर अधिकारियों को सौंपे जा सकते हैं

(1) उन मामलों में जहां यह सिद्ध हो गया है कि रिपोर्ट बदनीयती से की गई है;

(2) यदि रिपोर्ट स्वयं एक आपराधिक कृत्य है (जैसे कि एक गंभीर धमकी);

7.5 यदि सूचनादाता/शिकायतकर्ता अपनी रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई और/या परिणाम से संतुष्ट नहीं है या वह सुरक्षित महसूस नहीं करता/करती है, तो वह सीधे मुख्य अनुपालन अधिकारी या स्पीक अप चैनल के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकता/सकती है। मुख्य अनुपालन अधिकारी को सूचनाप्रदाता/शिकायतकर्ता को 30 दिनों के भीतर जवाब देना चाहिए।

## 8 अभियुक्त की सुरक्षा और अधिकार

8.1 जब एक व्यक्ति जाँच-पड़ताल के दायरे में होता है, तो इस तथ्य के बारे में उसे अधिसूचित किए जाने की जरूरत है। बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) सबूत के नष्ट होने के किसी प्रमुख जोखिम तथा/अथवा जाँच-पड़ताल में अड़चन पर विचार करके, जाँच--पड़ताल के अधीन व्यक्ति को अधिसूचित करेगी। निष्पक्ष जाँच-पड़ताल सुनिश्चित करने के लिए जाँच-पड़ताल के अधीन व्यक्ति को अपने खुद के नज़रिए से प्रकरण को प्रस्तुत करने का अधिकार दिया जाएगा।

## 9 डेटा सुरक्षा और निजता

9.1 बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) और निर्दिष्ट प्रकरण प्रबंधक सभी प्राप्त जानकारी को गुप्त रखेंगे। संदेशवाहक और कर्ता(ओं) दोनों की निजता को सुरक्षित रखा जाएगा। केवल जानने की सख्त जरूरत के आधार पर ही जानकारी को साझा किया जाएगा। यदि स्पीक अप चैनल का उपयोग किया जाता है, तो केवल जानने की जरूरत के आधार पर, पुनः सेवा प्रदाता के स्टाफ तथा/अथवा अनुवादकों द्वारा भी जानकारी को एक्सेस किया जाएगा।

9.2 बर्कहार्ट कंप्रेशन (Burckhardt Compression) डेटा सुरक्षा के लागू नियमों और कानूनों का पालन करती है।

## 10 संपर्कविवरण और वेब पता

10.1 संपकि विरवण

**मु य अनुपालन अधकिारी:** मार्को, बि हा ि ि पे शन एजपपी (Burckhardt Compression AG), फा ंज बि हा ि-सौ सि 5 (Burckhardt Compression-Strasse-5), P.O. बॉ 3352, CH-8404 विं रिथ, स्वि लैंड, ै लपपी. +41 79 505 29 42, ोबाइल+41 79 505 29 42 marko. denadic@burckhardtcompression.com

10.2 सपी अप रपिोटिगि चैनल ै लिए लिंक :

रपिोकि बनाने ै लिए ृ पया इं स्ने रिप या इंसिने रिप निमनलिखित लिंक ा उपयोग रिे:

इंट्रानेट: https://speakup.burckhardtcompression.com/internal

इंट्रानेट: https://speakup.burckhardtcompression.com/external

Burckhardt Compression Holding AG
CH-8404 Winterthur, Switzerland
Tel. +41 52 262 55 00
Fax +41 52 262 00 51
info@burckhardtcompression.com
www.burckhardtcompression.com